गुजरात में पेट्रोल/एल पी जी डीलरों एवं वितरकों के विरुद्ध शिकायतें

8026. श्री करसनभाई मोहनभाई मंगरोला : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात में उन पैट्रोल/एल पी डी डीलरों तथा वितरकों की संख्या कितनी है जिनके विरुद्ध गत दो वर्षों में काल-बाजारी और मिलावट करने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं और इन शिकायतों की संख्या कितनी है ;

(ख) तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है ; और

(ग) दण्डित किए गए व्यक्तियों की जिला-वार संख्या कितनी है और उन्हें किस प्रकार का दण्ड दिया गया ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) पिछले दो वर्षों के दौरान गुजरात में 7 पेट्रोल/डीजल खुदरा बिक्री केन्द्रों और 3 एल पी जी डिस्ट्रीब्यूटरशिपों के विरुद्ध काला बाजारी/मिलावट की शिकायतें प्राप्त हुई ।

(ख) और (ग) शिकायतों का जिलेवार ब्यौरा नीचे दिया गया है :-

जिले का नाम	खुदरा बिक्री केन्द्रों की संख्या	एल०पी०जी० डिस्ट्रीब्यूटरशिपों की संख्या
1. अहमदाबाद . .	4	2
2. बड़ौदा . . .	1	–
3. खेड़ा . . .	1	–
4. सूरत . . .	1	1
	7	3

कालाबाजारी/मिलावट के साबित हुए मामलों में चेतावनी, कुछ निश्चित अवधि के लिए खुदरा बिक्री लाइसेंस को रद्द करने और डीलरशिप/डिस्ट्रीब्यूटरशिप के निलंबन/समाप्ति जैसी कार्रवाई की गई ।

Proposals *of* Indian and Foreign Companies for oil fields

8027. SHRI SANGH PRIYA GAUTAM: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state: .

(a) what is the number of proposals in respect of oil fields received from Indian and foreign companies, offered in the tenders of third and fourth round;

(b) what are the details of those companies which have sent their proposals, so far;

(c) whether any final decision has been taken to offer oil fields to these companies;

(d) if so, what are the details of the oil fields offered to Indian and foreign companies, separately; and

(e) if not, by when a final decision is likely to be taken in this matter?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPTAIN SATISH SHARMA): (a) and (b) 13 and 24 bids respectively were received under the Third and Fourth Rounds of bidding for exploration of oil and gas. Under the Third Round, 8 foreign companies and under the Fourth Round 31 companies— 10 Indian and 21 Foreign had submitted their bids.

(c) to (e) The. names of blocks and companies who were awarded contracts under the Third Round are given below:

Name of Block	Name of Company
1. KG-OS-I	Chevron International Ltd. and Texaco Exploration India Inc.
2. KG-OS-VII	do.
3. P-OS-II	do.
4. MN-OS-I	do.
5. KG-OS-IV	International Petroleum Ltd. (Bermuda) Ltd.
6. KK-OS-VI	BHP Petroleum (India) Ltd.
7. KK-OS-II KK-OS-IV	Shell International Production Development E.V. Netherlands.
8. KG-OS-V	Amoco India Petroluem Co USA.

Government of India has awarded contracts for 5 blocks under the Fourth Round as per details given below:

Name of Block	Name of Company
GN-ON-90/3 in Pranhita-Godavari (Gondwana) onshore basin.	Consortium of Hindustan Oil Exploration Company and Mafatlal Industries, both of India.
KG-OS-90/1 in Krishna-Godavari offshore basin.	Consortium comprising of M/s Albion International Resources, Inc. of USA, Complex Resources Limited of Australia, Hindustan Oil Exploration Compmany of India. M/s Niko Resources of Canada.
KG-ON-90/2 in Gujarat-Kutch onshore basin	Consortium comprising of M/s Pan Energy Resources, USA, Stirling Resources Australia, Okland Oil Company, USA, Pan Pactific Petroleum NL, Australia and Trans Asia Consultants, India.
RJ-ON-90/1 Rajasthan basin	Shell International. Netherlands.
Cy-OS-90/1 in Cauvery offshore basin	Consortium of HOEC of India, Valco Energy Inc. of USA and Tata Petrodyne of India.

आयल इंडिया लिमिटेड तथा तेल और प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड द्वारा पता लगाये गये तेल एवं प्राकृतिक गैस के भंडार

8028. **श्री संघ प्रिय गौतम :** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में उन स्थानों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है जहां गत तीन वर्षों के दौरान आयल इंडिया लिमिटेड तथा तेल और प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड ने अलग-अलग तेल और प्राकृतिक गैस के विपुल भंडारों का पता लगाया है और वहां तेल एवं गैस की कितनी-कितनी मात्रा होने का अनुमान है ;

(ख) क्या रिग्स की अपर्याप्त आपूर्ति के कारण खोज कार्य में बाधा आई है ; और

(ग) यदि हां, तो ये रिग्स अपेक्षित संख्या में कब तक उपलब्ध हो जाएंगे ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) पिछले तीन वर्षों (1992-93 से 1994-95) के दौरान हाइड्रोकार्बनों की खोजों की राज्यवार/क्षेत्र-वार सूची विवरण में दी गई है । (नीचे देखिए) विवरण में